## खबर संक्षेप



### नागपंचमी पर्व पर आज होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**उमरियापान।** नागपंचमी पर्व पर मंगलवार को उमरियापान में चौरसिया समाज द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर चौरसिया बंधु सुबह अपने पान बरेजों में जाकर नागबेल की पूजा कर दूध आदि अर्पण करने के बाद शाम को ढीमरखेडा रोड पर नर्मदा नहर के समीप चिहूटिया महाराज के चबूतरे पर एकत्रित होंगे। जहां विशेष पूजन अर्चन किया जाएगा। इसके पहले चौरसिया नवयुवक मंडल के तत्वाधान में सुबह 11 बजे से मंगल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम एवं शाम 4 बजे मंगल भवन से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। नगर भ्रमण उपरांत शोभायात्रा का समापन चिहूटिया महाराज के चबूतरे में होगा।

### शासकीय कार्य में बाधा डालने पर मामला दर्ज

**बरही।** शासकीय अस्पताल में हो हल्ला करने तथा कार्य में बाधा डालने वालों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया है। जानकारी के अनुसार बी.एम.ओ. डॉ. राममणि पटेल द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया कि शासकीय शिविल अस्पताल बरही में कक्ष क्रमांक 5 में कार्य के दौरान कुछ लोग आए एवं हो हल्ला करने लगे जिससे मरीजों का उपचार नहीं हो पाया। इस ऊहापोह में श्वांस संबंधी समस्या का इलाज कराने आए मरीज को समय पर उपचार नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में बीएमओ पटैल द्वारा थाना में शिकायत दी गई। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना के तहत पंजीयन



**बड़वारा।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना विशेष अभियान 15 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक संचालित है महिला एवं बाल विकास परियोजना बड़वारा में आंगनबाड़ी स्तर पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के ज्यादा से ज्यादा पंजीयन करवाए जा रहे हैं जिन हितग्राहियों का बैंक में DBT एवं NPCI मैप नहीं है उन्हें लिखित जानकारी देकर बैंक जाकर उन्हें अपने खाते अपडेट करने की जानकारी दी जा रही है इस अभियान अंतर्गत परियोजना बड़वारा में 221 का लक्ष्य दिया गया था जिसमें से आज दिनांक 26 जुलाई 2025 तक 115 आवेदन दर्ज कर उन्हें लाभान्वित किया गया है तथा 172 हितग्राहियों का DBT तथा NPCI मैप करवाने हेतु सूचित किया गया है जिससे उन्हें शीघ्र लाभान्वित किया जा सके।

### स्टेनो कक्ष में बिना नियुक्ति आदेश कार्यरत कर्मी को हटाने मांग

**कटनी।** आम आदमी पार्टी कटनी के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर ने कलेक्टर कार्यालय कटनी में प्रशासनिक अनियमितता के मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर को सौंपी है। आरटीआई एक्टिविस्ट को 11 जुलाई 2025 को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्टेनो शाखा में कार्यरत रत्नेश मिश्रा की कोई विधिवत नियुक्ति, आदेश या वेतन अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं। यह प्रशासनिक प्रक्रिया और नियमों की घोर अवहेलना है। मांग की गई है कि बिना नियुक्ति आदेश के कार्यरत रत्नेश मिश्रा को तत्काल हटाया जाए। आम आदमी पार्टी कटनी ने चेताया है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो पार्टी जन आंदोलन और वैधानिक कार्रवाई के लिए बाध्य होगी।

---

### कोतवाली थाना से चंद कदम दूर चौपाटी में आधी रात को हुई खूनी वारदात

# चाकूओं से गोंदकर दो युवकों का कत्ल, एक की हालत नाजुक, जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर में गंभीर अपराधिक वारदातों से कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहे हैं। चोरी, शराब का अवैध कारोबार, मारपीट के साथ अब हत्या की वारदातें भी होने लगी है। कोतवाली थाना से चंद कदमों की दूरी पर चौपाटी में गत रात खूनी खेल हुआ। इस वारदात में जहां दो व्यक्तियों चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई वहीं एक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। गंभीर अवस्था में जबलपुर मेडिकल कॉलेज में ज़िंदगी और मौत से जूझ रहा है।



#### पहले बहस फिर दनादन हमला

जानकारी के अनुसार चौपाटी में सागर ,सुजल और एक अन्य युवक चाय दुकान में बैठे थे। तभी गायत्री वहां नगर निवासी रोशन सिंह (23), उत्कर्ष दुबे (22) और विनेश (20) मौके पर पहुँचे। पुराने विवाद के चलते दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई और देखते ही देखते सागर और सुजल के साथ एक अन्य साथी ने तीनों युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में रोशन और उत्कर्ष मरणासन्न हालत हो गई, इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि विनेश की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे पहले जिला अस्पताल और फिर जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इस वारदात ने पुलिस कि सक्रियता पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। पुलिस शहर में विशेष अभियार चलाकर अपराधियों को पकड़ने का दावा कर रही है लेकिन उसके विपरीत थाना से चंद कदमों की दूरी पर हत्या की वारदात ने पुलिस की चौकसी पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया।

कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि घटना में नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

#### किशोर पर भी चाकू से हमला

कोतवाली थाना क्षेत्र के खिरहनी फाटक इलाके में रविवार की शाम एक 16 वर्षीय नाबालिग पर दो युवकों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। यह घटना लाल ग्राउंड में उस समय हुई जब किशोर अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट मैच देख रहा था। आरोपियों ने पहले शराब के लिए पैसे मांगे और इनकार करने पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी अनुसार 16 वर्षीय आयुष दाहिया अपने दोस्त हेमंत रैकवार के साथ मैच देख रहा था, तभी सुमित और विष्णु अपने कुछ साथियों के साथ आए और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। जब आयुष ने पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपी भड़क गए और गाली गलौज करने लगे। आरोपियों ने आयुष पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। आयुष के पैर के जांघ मे गंभीर चोटें आई हैं। हमला करने के बाद दोनों आरोपी और उनके साथी मौके से फरार हो गए। इस संबंध में खिरहनी फाटक चौकी प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, जिसमें सुमित, विष्णु ठाकुर समेत दो अन्य शामिल है। पुलिस ने विष्णु और सुमित को गिरफ्तार कर घटना में इस्तेमाल होने वाले चाकू को जप्त कर लिया गया है। दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

---



# मुरूम के अवैध परिवहन पर ट्रेक्टर ट्राली किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अवैध रूप से मुरूम का परिवहन करने पर माधवनगर पुलिस ने ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माधवनगर अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एल0आई0सी0 आफिस के सामने पहाडी तरफ से मुरुम का अवैध परिवहन हो रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि बिना नम्बर का ट्रेक्टर ट्राली में मुरुम लोड थी। ट्रेक्टर को रुकवा कर ड्रायवर से नाम पता पूछने पर अपना नाम गणेश यादव पिता राममिलन यादव 35 साल

#### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

निवासी बरगवां कटाये घाट थाना रंगनाथनगर का होना बताया। मुरुम के पिट पास व कागज मांगे गए जो ना होना बताया। चोरी की मुरुम का अवैध परिवहन करते मिलने पर ट्रेक्टर मय ट्राली मुरुम को मौके पर जब्त कर थाना परिसर लाकर सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस 21(1) खान एवं खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में उपस्थित होने हेतु धारा 35(3) बी.एन.एस.एस. का नोटिस तामील किया। कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक चौबे, प्र.आर. राजेश तिवारी, प्र.आर. रविमोहन जाटव, आर. पिन्टू की भूमिका रही।

---

*सावन माह के तीसरे सोमवार को मंदिरों में हुए विभिन्न आयोजन*

# ग्राम पोड़ी से निकाली गई कांवड़ यात्रा, रूपनाथ धाम पहुंच किया गया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

सावन माह के तीसरे सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की गई। भक्तो के द्वारा हाथों में जल का लोटा व पूजन की थाली लिए शिवालयों मे पहुँचे। भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बहोरीबन्द के प्रसिद्ध रुपनाथ धाम मंदिर में अल सुबह से भक्त गण पहुँचे।जहां श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को नैवेद्य आदि अर्पित किए व जलाभिषेक किया। इसके अलावा जिलहरी धाम,शिव मंदिर व तपस कुंड धाम मैं सुबह से दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का लगा रहा। भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर भक्तों ने सुख-समृद्धि के लिए कामना की व अच्छी वर्षा के लिए प्रार्थना की।



सावन मास के तीसरे सोमवार को स्लीमनाबाद सिंहवाहिनी मंदिर व बाबा गढ़ धाम मे विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए।बाबा गढ़ धाम मैं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडितों के द्वारा जलाभिषेक कराया गया । सिंहवाहिनी मंदिर में महिला मंडल की सदस्यों ने प्रातःकाल स्नान कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया कर पूजा अर्चना की। दोपहर के समय रामचरित मानस पाठ हुआ।देर शाम मंगलमय आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

सावन मास के तीसरे सोमवार को ग्राम पौड़ी से कांवड यात्रा निकली। कांवड यात्रा मे बड़ी संख्या जनसमुदाय उपस्थित हुआ। कांवड यात्रा 15 किलोमीटर की दूरी तय कर रुपनाथ धाम पहुंची। जहाँ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान भोलेनाथ की आरती की व प्रसाद वितरण किया गया।

कावड़ यात्रा के दौरान हर -हर महादेव की जयघोष गुंजायमान हो रही थी। कांवड यात्रा सरपंच सरपंच राजकुमारी अमित पटेल ओर ग्राम वासियों के सानिध्य मे निकाली गई।

---

### जागरूकता रैली निकाल नशा मुक्ति का दिया संदेश



पुलिस द्वारा नशा मुक्ति को लेकर 15 से 30 जुलाई तक नशा से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को उमरियापान पुलिस ने बाइक रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशा न करने जागरूक किया। उमरियापान पुलिस थाना से शुरू हुई जागरूकता रैली पचपेढ़ी और फिर बम्हनी के बाद पुन: थाना पहुँची। बाइक रैली में पुलिस के साथ स्थानीय युवाओं ने नशे से दूरी है जरूरी के नारे लगाएं। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने कहा कि नशा एक चिंता का विषय बन गया है। खासकर युवा नशे की गिरफ्त में आकर अपने जीवन को समाप्त कर रहे हैं। नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है ।इसके अलावा थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति और नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया।

---

# धरती माता करें पुकार, पेड़ लगाकर करो श्रृंगार, नारे के साथ निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

जन अभियान परिषद के तत्वावधान में सोमवार को ढीमरखेड़ा विकासखंड के डूंडी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रस्फुटन ग्राम डूंडी में कलश यात्रा निकाली गई।सिर पर कलश और हाथों में पौधे लिए महिलाएं गांव की कीचड़मय गलियों से गुजरते हुए यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा के पश्चात मंदिर में एकत्रित हुए महिलाओं को आदर्श युवा जन सेवा समिति पिपरिया सहलावन द्वारा सामूहिक रूप से पौधे वितरित किए गए।महिलाओं ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर भजन-कीर्तन का सिलसिला चलता रहा।विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने नवांकुर सखी योजना की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी प्रकाशनाथ साहू, अंकित झारिया, कोदुलाल हल्दकार, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अजय गुप्ता, विपेन्द्र नामदेव,आशीष नामदेव,मीना अग्रवाल,नीता विश्वकर्मा,शालिनी विश्वकर्मा, रश्मि चौधरी,सीमा लोधी सहित महिलाओं व अन्य लोगों की उपस्थिति रही।



---

*नगर निगम एवं यातायात विभाग ने की संयुक्त कार्यवाही*

# आवागमन बाधित करने पर 7 लोगों पर कार्रवाई कर 2800 रुपए वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के सार्वजनिक मार्गों के अस्थाई अतिक्रमण हटाकर नागरिकों को सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया कराने के मद्देनजर नगर निगम व यातायात विभाग द्वारा रविवार को संयुक्त कार्यवाही की जाकर नगर के मुख्य मार्गो घंटाघर, गर्ग चौराहा, से खिरहनी ओव्हर ब्रिज तक के अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 7 लोगों द्वारा सार्वजनिक मार्ग में अतिक्रमण कर आवागमन बाधित करते पाए जाने पर उनके विरुद्ध अभियान चलाकर चालानी कार्यवाही की गई।



अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने इस संबंध में बताया कि संयुक्त अभियान के दौरान सार्वजनिक मार्गो के फुटपाथ व दुकानों के बाहर अव्यवस्थित रूप से वाहन खड़ा कर आवागमन को बाधित करने वाले 7 लोगों के विरुद्ध 2 हजार 800 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी तथा निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से अतिक्रमण विभाग को रोजाना अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है। जिसके अनुपालन में निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा नगर के मुख्य मांगों पर अभियान चलाकर दुकान के आगे फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, हाथ ठेला चालक सहित आवागमन को बाधित करने वाले अन्य जनों को सख्त हिदायत देते हुए निरंतर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण प्रभारी श्री सिंह ने नागरिकों से सार्वजनिक मार्गो को अवरूद्ध कर व्यवसाय नहीं करने तथा नियमानुसार ही वाहन पार्किंग कर नगर की यातायात व्यवस्था में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

---

### जिले के इकलौते शेषनाग मंदिर में आज नागपंचमी पर होंगे विविध आयोजन

# अद्भुत रहस्यों को संजोय है कुआँ का 113 साल पुराना शेषनाग मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जिले का इकलौता शेषनाग मंदिर बहोरीबबंद तहसील की ग्राम पंचायत कुआँ मैं स्थित है जो अपने अद्भुत रहस्यों को आज भी संजोय है। यहां तो वैसे प्रतिदिन जिसे सर्प डसता है वो मंदिर पहुँचकर पूजा अर्चना करते है लेकिन नागपंचमी के दिन प्रदेश के कई जिलों से लोग पहुँचते है व काल सर्प दोष मुक्ति के लिए पूजा-अर्चना करते है।

#### 113 वर्ष पुराना है शेषनाग मंदिर

शेषनाग मंदिर के पुजारी राममिलन नायक ने बताया कि कुआँ स्थित शेषनाग मंदिर जिले का इकलौता शेषनाग मंदिर है।यहां सर्प डसने से पीड़ति लोग बड़ी संख्या मे पहुँचते है।साथ ही जिन्हें काल सर्प दोष होता है उन्हें भी काल सर्प दोष से मुक्ति मिलती है।वैसे तो प्रतिदिन लोगो का आना-जाना मंदिर मे लगा रहता है लेकिन नागपंचमी पर प्रदेश के कई जिलों से लोग अपनी मन्नतों को लेकर पहुँचते है।लोग पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करते है।साथ ही काल सर्प दोष निवारण के लिए भी विशेष पूजा होगी।

शेषनाग मंदिर पहुँचने के लिये बहोरीबंद, सिहोरा व स्लीमनाबाद मार्ग से सीधे वाहन आते है,जो सीधे कुआँ ग्राम पहुँचते है।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि हिंदू धर्म में नागपंचमी पर्व का विशेष महत्व है। यह पर्व हर वर्ष श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन नागों की पूजा- अर्चना की जाती है। दरअसल भोलेनाथ गले में नाग देवता को धारण करते हैं। इसलिए मान्यता है जो भी व्यक्ति आज के दिन नाग देवता की पूजा करता है, भगवान महादेव उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।



नाग पंचमी का पर्व 29 जुलाई दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। वहीं इस दिन कई शुभ योग भी बन रहे है।

इस वर्ष नाग पंचमी तिथि पर शिव योग और रवि योग का बेहद शुभ संयोग बन रहा है। साथ ही 29 जुलाई को सावन का मंगलवार होने के कारण इस बार नाग पंचमी पर मंगला गौरी व्रत का संयोग भी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस योग में नाग पंचमी के दिन पूजा-पाठ और मंत्रों का जाप करना बहुत ही फलदायी साबित होता है।

नाग पंचमी पर नाग देवता की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त 29 जुलाई को सुबह 5 बजकर 41 मिनट से लेकर सुबह 8 बजकर 23 मिनट तक रहेगा। वहीं 29 जुलाई को चौघड़िया का शुभ मुहूर्त सुबह 10 बजकर 41 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 28 मिनट तक रहेगा। अगर दोपहर के शुभ मुहूर्त की बात करें तो 12 बजकर 27 मिनट से लेकर 2 बजकर 9 मिनट तक रहेगा। पूजन के लिए दूसरा मुहूर्त दोपहर 3 बजकर 51 मिनट से लेकर शाम 5 बजकर 32 मिनट तक रहेगा। नाग पंचमी पर पूजा करने से विशेष फल प्राप्त होते हैं और कालसर्प दोष व सर्पदंश के भय से मुक्ति मिलती है।

मंगलवार को नागपंचमी का त्यौहार बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे उत्साह व उमंग के साथ मनाया जाएगा। अलसुबह से लोग नागदेवता की पूजा अर्चना करने के साथ सर्पो को दूध अर्पित करेंगे। मंदिरों मैं विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

---




# विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरवारा मे मुख्यमंत्री साईकिल वितरण योजना के तहत साईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह रहे।

विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ें, सिर्फ अपनी पढ़ाई की ही चिंता करें। विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर विधायक के द्वारा कक्षा 9 वी के 16 विद्यार्थियों को साईकिल वितरित की। कार्यक्रम के समापन मे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधेरोपण भी किया गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, गोविंद प्रताप सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आदतन अपराधी को तीन माह तक थाना में देनी होगी हाजिरी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए हॉल मुकाम ठाकुर ढाबा थानास्ली मनाबाद निवासी झल्लू ठाकुर पिता इंद्रकुमार ठाकुर 32 वर्ष के विरूद्ध आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना स्लीआमनाबाद में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। झल्लू ठाकुर के विरूद्ध 3 प्रकरण है। जिनमें अवैध शराब विक्रय करना, दूषित भोजन विक्रय करना तथा शासकीय धान चोरी जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा झल्लू के विरूद्ध समय-समय पर कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। झल्लू द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने मध्यिप्रदेश राज्यो सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कारवाई करते हुए आगामी 3 माह तक पुलिस थाना स्लीपमनाबाद में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### निगमायुक्त ने कर्मचारियों को सौंपे नवीन दायित्व

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे ने प्रशासनिक कार्य व्यवस्था को प्रभावी तरीके से संचालन के उद्देश्य से आदेश जारी करते हुए कर्मचारियों को नवीन दायित्व सौंपे है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा इस संबंध में जारी आदेशानुसार श्री अभय जारए सहायक लेखपाल प्रभारी अधिकारी के निर्देशन में मुख्य स्टोर्स एवं स्टेशनरी शाखा में विभागीय दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया है। वहीं पालक गुप्ता सहायक ग्रेड 3 को केण्सीएसण्उण्माण्शाला में प्राचार्य के निर्देशन में विद्यालय के कार्यो को संपादित करने का दायित्वों सौंपा गया है। इसी प्रकार एक अन्य आदेश के माध्यम से विपिन बैगा उप. स्वच्छता पर्यवेक्षक को नोडल अधिकारी के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन शाखा में विभागीय दायित्व का निर्वहन करने तथा तीरथ बैगा उप. स्वच्छता पर्यवेक्षक को वार्ड क्रमांक 12 से 15 तक सफाई कार्य व्यवस्था हेतु क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी का दायित्व का सौंपा गया है। इसी तरह सूरज बैगा उप स्वच्छता पर्यवेक्षक को स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में स्वास्थ्य शाखा में विभागीय कार्यों के संपादन की नवीन जिम्मेदारी प्रदान की गई है।

### मंदिरों के आसपास चला विशेष सफाई अभियान



**कटनी।** वर्तमान में चल रहे पवित्र सावन माह के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर नगर के मंदिरों एवं शिवालयों के आसपास विशेष साफ-सफाई की जाकर चूनें की लाईनिंग के कार्य के साथ ही फूल माला वाहन के माध्यम से मंदिरों से निकलने वाली पूजन सामग्री का संग्रहण किया जाकर उसका निस्तारण कराया जा रहा है। नगर के मुख्य मार्गो की सफाई व्यवस्था के तहत निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के विभिन्न मार्गो, चौपाटी परिसर, सेल्फी प्वाइंट, बस स्टेंड परिसर, मिशन चौक, सुभाष चौक, झंडा बाजार, स्टेशन रोड, गजानंद कांप्लेक्स रोड, सहित नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो की सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। वहीं सिविल लाईन, नेपाली बस्ती, सहित नगर के अन्य वार्डो में डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने की योजनाओं एवं प्रकरणों की समीक्षा, लापरवाही सामने आने पर की कार्यवाही

# 5 अधिकारियों को नोटिस, 3 के वेतन आहरण पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट, समय-सीमा पत्रों, समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द उपार्जन की समीक्षा करते हुए विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यों में रूचि न लेने वाले 5 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और 3 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने मुख्यमंत्री निवास एवं राज्य मानवाधिकार आयोग से प्राप्त शिकायतों पर एक सप्ताह के भीतर सभी विभागों को प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए।

बैठक में जर्जर एवं खतरनाक स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवनों की जांच सत्यापन की समीक्षा के दौरान सही स्टेटस न बता पाने के कारण कलेक्टर श्री यादव ने डीईओ के प्रति गहन असंतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने ताकीद किया कि किसी भी हाल में स्कूल व आंगनबाड़ी कक्षायें जर्जर भवनों में संचालित नहीं हो।

### वेतन रोकने के दिये निर्देश

कलेक्टर श्री यादव ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी को आगामी त्यौहारों के मद्देनजर दूध, पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा अब तक जुर्माने की राशि का 50 प्रतिशत ही वसूल किये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुये तीनों खाद्य सुरक्षा अधिकारी क्रमशः देवकी सोनवानी, ब्रजेश विश्वकर्मा एवं ओपी साहू के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने सीएमएचओ को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने की हिदायत दी।

### कारण बताओ नोटिस

कलेक्टर श्री यादव ने कृषि अभियांत्रिकी विभाग की सहायक यंत्री कृति पाण्डेय द्वारा नरवाई प्रबंधन के तहत हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर में सब्सिडी नियमों की संतोषजनक जानकारी न बता पाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं विभागीय जांच संस्थित करने करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी विभागों को कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों की योजनाओं की अद्यतन विस्तृत जानकारी रखें।



इसी प्रकार कलेक्टर श्री यादव ने अपने बरही प्रवास के दौरान एमपी एग्रो के उर्वरक विक्रय केन्द्र में खाद उपलब्ध न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुये एमपी एग्रो के प्रबंधक, उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा और जिला विपणन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर श्री यादव ने मप्र ग्रामीण सड़क प्राधिकरण के इंजीनियर को लगातार समय-सीमा बैठकों में अनुपस्थित रहने की वजह से कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बरही में खाद के निरीक्षण के दौरान दुकानों पर स्कंध सूची एवं रेट दर नहीं लगाये जाने पर विजयराघवगढ़ एसडीएम महेश मंडलोई को व्यवस्था सुधारने की सख्त हिदायत दी।

### लंबित शिकायतों का निराकरण कर रैंकिंग में सुधार करें

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए डी रैंक वाले विभागों को रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने माइनिंग विभाग के उपसंचालक रत्नेश दीक्षित को लंबित पड़ी शिकायतों का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुये कहा कि खनन से संबंधित शिकायतों पर माइनिंग इंस्पेक्टर एवं रेवेन्यू विभाग समन्वय कर निरीक्षण करके आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने मत्स्य विभाग को भी लंबित पड़ी 7 शिकायतों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने सभी विभागों को सीपीग्राम से प्राप्त लंबित पड़ी शिकायतों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

### उपार्जन की समीक्षा

बैठक में मूँग एवं उड़द उपार्जन की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा ने बताया कि जिले में उपार्जन हेतु कुल 5 हजार 676 स्लॉट बुकिंग हुई है। वहीं अब तक 4 हजार 51 मीट्रिक टन मूँग एवं 623 मीट्रिक टन उड़द का उपार्जन हो चुका है। जबकि भुगतान हेतु 1 करोड़ 35 लाख रूपये के ईपीओ जेनरेट हो चुके है।

### साइकिल वितरण की धीमी गति पर जताई नाराजगी

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने स्कूलों में नामांकन दाखिला, पुस्तक वितरण एवं साइकल वितरण की समीक्षा की। जिला परियोजना समन्वयक एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूलों में लगभग शत-प्रतिशत नामांकन हो चुका है एवं पुस्तकों का वितरण कार्य भी पूर्ण हो चुका है। जबकि साइकिल का वितरण किया जा रह है। इस दौरान साइकिल वितरण की धीमी गति होने पर कलेक्टर श्री यादव ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद पंचायतों के सीईओ को सब इंजीनियर के माध्यम से साइकिल वितरण की मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुये कहा कि आवश्यकता होने पर साइकल वितरकों पर कार्यवाही भी करें।

बैठक में सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत के सीईओ, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर आयुक्त नगर निगम नीलेश दुबे, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, सिविल सर्जन यशवंत वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एस एस मरावी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रतिभा पाण्डेय, सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## रीठी थाना क्षेत्र के मेन बाजार में बीती रात हुई घटना से बढ़ा आक्रोश

# बदमाशों ने सराफा दुकान में चोरी का किया प्रयास, लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सराफा दुकान में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया हालांकि उनको सफलता नहीं मिल सकी। लोगों के हल्ला मचाने पर वे फरार हो गए। मामला रीठी के मेन बाजार का है।

बताया जाता है कि सोना चांदी की दुकान में बीती रात एक दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है।

जानकारी के अनुसार रात्रि में एक दर्जन बदमाश पहुंचे और लक्ष्मी ज्वेलर्स के शटर को तोड़ने की कोशिश करने लगे। बदमाशों के पास हथियार और रॉड जैसी चीजें थीं, जिनसे वे दुकान का शटर तोड़ने का प्रयास करते रहे। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि बदमाशों ने पहले दुकान की रेकी की, फिर हथियार लहराते हुए शटर तोड़ने लगे। करीब 15-20 मिनट तक गिरोह के सदस्य शटर से जूझते रहे, लेकिन शटर तोड़ने में सफल नहीं हो सके। वारदात के दौरान पास में रहने वाले लोगों को हलचल की भनक लग गई। उन्होंने शोर मचाना शुरू किया, जिससे बदमाश घबरा गए और भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।



घटना से आक्रोशित व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने रीठी थाने का घेराव कर दिया और मुख्य सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। उनका कहना था कि क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं और पुलिस पूरी तरह निष्क्रिय है। चड्डी-बनियान गिरोह की यह दुस्साहसिक हरकत क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है।

मौके पर पहुंचे डीएसपी ने लोगों को समझाइश दी और कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद सड़क से जाम हटाया गया। व्यापारियों का कहना है कि हथियारबंद बदमाशों का गिरोह खुलेआम घूम रहा है। यह लापरवाही आने वाले दिनों में बड़ी घटना का कारण बन सकती है।

## महापौर ने शिव मंदिर में पूजा कर लिया आशीर्वाद



सावन माह के पावन अवसर पर नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन विगत दिवस रविवार को किया गया। तत्पश्चात सोमवार को रुद्राभिषेक पश्चात हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। नगर निगम में सोमवार को आयोजित रुद्राभिषेक कार्यक्रम के अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें नगर निगम परिसर के शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर नगर विकास एवं नागरिकों के सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक, कमलेश चौधरी सहित निगम के अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रहीं। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नगर निगम परिवार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने वाले इस धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए इस तरह के आयोजनों की परंपरा निरंतर जारी रखने की बात कही। वहीं कर्मचारी संघ अध्यक्ष श्री पारसनाथ प्रजापति नें बताया कि वर्ष 2006 से प्रतिवर्ष सावन माह में नगर निगम कार्यालय परिसर के शिव मंदिर में तृतीय या चतुर्थ सोमवार को रामायण पाठ का आयोजन किया जाकर भगवान भोलेनाथ के रूद्राभिषेक कर धूमधाम से भंडारे का आयोजन किया जाता है।

# 17 मवेशियों को भेजा गया कांजी हाउस, 25 मवेशियों की सींगों में लगाए रेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम कटनी क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक मार्गों में आवारा विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने के लिए रोजाना अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रविवार देर शाम नगर निगम की हांका गैंग द्वारा पन्ना मोड क्षेत्र में अभियान चलाकर देर रात तक 17 आवारा मवेशियों को कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। वहीं दसूरी ओर सार्वजनिक मार्गो में बैठे मवेशियों के साथ रात्रिकालीन होने वाले दुर्घटनाओं से बचाव हेतु 25 मवेशियों के सींग में रेडियम तथा गले में रेडियम बेल्ट लगानें का कार्य किया गया।

स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि आवारा मवेशियों को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाने आयुक्त श्री नीलेश दुबे ने सख्त निर्देश दिए हैं। जिसके अनुपालन में निगम की हांका टीम रोजाना आवारा मवेशियों को पकड़ने शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ घूम-घूम कर आवारा मवेशियों को पकड़कर काऊ केचर वाहन के माध्यम से मवेशियों को कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही कर रही है।



नगर निगम आयुक्त श्री दुबे ने पशु पालकों से अपील की है कि अपनें पालतू पशुओं को सार्वजनिक मार्गो अथवा खुले में न छोड़ें और नगर निगम द्वारा सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु चलाये जा रहे अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें। पालतू मवेशी सार्वजनिक मार्गों में आवारा रूप से विचरण करते पाए जाने पर संबंधित पशुपालकों पर वैधानिक एवं जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। जिसकी समस्त जवाबदारी संबंधित पशुपालक की होगी।

### 40 हजार की अवैध शराब जब्त

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी एनकेजे द्वारा टीम गठित कर कार्यवाही की गई। पुलिस के अनुसार 27 जुलाई 2025 को अपराध विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम देवराखुर्द मे सूरज यादव नाम का व्यक्ति अवैध रुप से शराब विक्रय करने हेतु घर पर शराब रखे हुए है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर देखा तो एक व्यक्ति घर के आंगन में खडा मिला। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सूरज यादव पिता झल्लू यादव निवासी देवराखुर्द थाना एन.के. जे. कटनी बताया। सूरज यादव के घर के अंदर कमरे मे जाकर चैक किया गया जहा पर चार नीले रंग के थैले मिले। जिसे खुलवाकर देखा गया। जिसमे 400 पाव देशी शराब कीमती 39 हजार 500 रुपये के रखे मिले। शराब के संबंध मे वैध दस्तावेज पेश न करने पर विधिवत जप्ती कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया व आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि अनिल यादव, प्र.आर. राजेश चौधरी, आर. अर्पित पटैल, आर. नरेन्द्र सिंह की अहम भूमिका रही।

# चोरी की भैंसों को वाहन में ले जाने की थी तैयारी, पुलिस ने धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी पुलिस ने भैंसे चोरी करने वाले तीन आरोपियों को ग्राम नौआपटी के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी देते हुए रीठी थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि सुशील साहू पिता छुन्नूलाल साहू निवासी हथकुरी की 04 नग भैंसे एवं विकास काछी पिता जयप्रकाश काछी निवासी हथकुरी की 02 नग भैंसे कोई अज्ञात चोर ने चोरी कर ली थी। सूचना पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त चोरी की घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डहरिया, पुलिस अधीक्षक उमराव सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रीठी निरीक्षक राखी पांडेय एवं अन्य स्टाप द्वारा तलाश व करते हुए 28 जुलाई 25 को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम नौवापटी के पास से कुछ अज्ञात लोग भैंसो को वाहन में लाद कर ले जा रहे थे रीठी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर चोरो को मय वाहन क्रमांक एमपी 21 जेड ई 2117 एवं गुम हुई भैंसो के साथ पकडा गया। पकड़े गए आसिफ खान निवासी मुजफ्फर नगर (उ०प्र०), अंकित यादव व रोहित यादव निवासी देवगांव को गिरफ्तार किया गया। उक्त वाहन एवं भैंसो (कीमती 2 लाख 45 हजार रूपये) को पुलिस द्वारा जप्त कर कब्जे में लिया गया। आरोपी आसिफ खान, अंकित यादव व रोहित यादव को गिरफ्तार किया गया।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

कार्रवाई में निरीक्षक राखी पाण्डेय, उप निरीक्षक आरपी रावत, प्रआर. अजय मेहरा, आरक्षक नितेश दुबे, आरक्षक अमन सिंह ठाकुर, आरक्षक समशेर सिंह, आरक्षक विजय वर्मा, आर. सौरभ तिवारी थाना रीठी का अहम योगदान रहा।

## हरियाली यात्रा से वसुधा को हरितमय बनाने का दिया गया संदेश

# मंगल कलश व ढ़ोल नगाड़ो के बीच निकाली गई हरियाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मप्र जन अभियान परिषद ने 'नवांकुर योजना' के अंतर्गत पंजीकृत नवांकुर सखी के माध्यम से 'नवांकुर सखी एवं हरियाली यात्रा' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड बहोरीबंद के नवांकुर संस्था नगर विकास प्रस्फुटन समिति कौड़िया के सहयोग से ग्राम पंचायत जुझारी मे किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिभा राजू यादव, सरपंच माया रानी मंगल सिंह,उपसरपंच आशा आनंद लोधी,जाहिर सिंह ठाकुर, सचिव शिवलाल पटेल, आकाश यादव, राकेश कुमार रैदास सहित ग्रामवासियों, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने अपील की है कि महिलाएं अपने घरों में पौधे तैयार करें और उन्हें बच्चों के जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगाँठ पर लगाएं।



### महिलाओं को बांटे गए पौधे

माता-बहनों के द्वारा पौधा रोपित कर धरती माता का हरितमय श्रंगार होगा। कलश यात्रा के रूप में पूरे गांव में भ्रमण किया गया। इस यात्रा के माध्यम से ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश पूजन से किया गया, इसके बाद संरक्षण की शपथ के साथ महिलाओं को पौधे प्रदान किए गए।

### तैयार किये जाएंगे पौधे

विकासखंड समन्वयक ने 'नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा' कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। महिलाओं को बीज रोपित थैलियां वितरित की जा रही हैं, जिनमें बीजों का संरक्षण कर पौधे तैयार किए जाएंगे और उन्हें विशेष अवसरों पर रोपित किया जाएगा।

### हरियाली यात्रा का समापन

हम पेड़ों की देखभाल उसी तरह करें जैसे अपने बच्चों की करते हैं। कार्यक्रम का समापन भजन प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें महिलाओं ने भावपूर्ण गीतों के माध्यम से प्रकृति प्रेम और हरियाली का संदेश दिया। समापन के दौरान नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों में सहयोग की अपील की। 24 जुलाई से शुरू हुई हरियाली यात्रा का समापन हो गया। यात्रा 5 सेक्टरो मे निकाली गईं। प्रत्येक सेक्टर मे 100-100 महिलाये नवांकुर सखी गठित की गईं है।

इस दौरान सोहन यादव, गजराज सिंह ठाकुर, ज्वाला सिंह, आनंद लोधी, गोविंद यादव, पन्ना लाल यादव,परामर्शदाता रामसिंह पटेल, बहादुर सिंह, भूपेंद्र दहायत, अखिलेश यादव, सुरेंद्र चक्रवर्ती सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# स्वार्थ का संसार नाटक की प्रस्तुति ने लोगों को झकझोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आचार्य शांतिसागर विद्या संस्कार केन्द्र के पाठशाला प्रवेशोत्सव एवं वार्षिक कलश स्थापना उत्सव समाधिस्थ 108 विद्यासागर, महाराज एवं नवाचार्य 108 समय सागर महाराज के प.प्रभावक शिष्य, 108 पदम सागर जी महाराज के सानिध्य में जैन धर्मशाला में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर विद्या संस्कार केन्द्र की बंगला मंदिर, कांच मंदिर, हाउसिंग बोर्ड मंदिर, रूंगटा कॉलोनी मंदिर, बंगला मंदिर पाठशाला के नन्हें-मुन्नें बच्चों द्वारा धर्मिक भजन पर आकर्षक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। स्वार्थ का संसार नाटक की प्रस्तुति पर उपस्थित सभी की झकझोर कर दिया एवं पाठशाला जाना पढ़कर आना है, कोई पूछे बताना है क्या करना पाप है - क्या करना पाप है के आकर्षक नृत्य ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्य श्री जी के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वललन पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष पंचम जैन, कोषाध्यक्ष-मनीष जैन, उपाध्यक्ष सुकमाल जैन, अरविन्द्र जैन कोयला तीर्थक्षेत्र कमेटी के अपूर्व अध्यक्ष स.सि.सुधीर कुमार जैन, कोमलचंद जैन,कैलाश सोगानी, मगन जैन के साथ पंचायत समिति, गुरूभक्त मण्डल, जैन मिलन, जैन सोशल ग्रुप, विद्यासागर नवयुवक मण्डल के साथ अनेक श्रेष्ठीगण के द्वारा किया गया तथा मुनिश्री को शास्त्र भेंट पाठशाला के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा एवं पाद प्राक्षलन पाठशाला की शिक्षिकाओं द्वारा करने के बाद प्रतिवेदन ब्रम्हचारणी मंजू दीदी द्वारा तथा कार्यक्रम का संचालन रूची दीदी, शिवी दीदी द्वारा किया गया, मुनिश्री के आर्शीवचन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

**खबर संक्षेप**

### शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण के आवेदन जनसुनवाई में दे

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि जनसुनवाई में आज मंगलवार को शस्त्र लाइसेंसों के नवीनीकरण के संबंध में जिन लोगों के आवेदन पेंडिंग हैं, वह आवेदन विशेष रूप से लेंगे तो ऐसे आवेदक जिनके शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण के केस पेंडिंग हैं, वह आज जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपने आवेदनों का निराकरण करवा सकते हैं।

### सीधी भर्ती केम्प आयोजन 6 अगस्त से

**दमोह।** तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग एवं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार एल.एन.टी कंपनी में निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट हेतु 05 अगस्त को जनपद पंचायत पथरिया, 06 अगस्त को जनपद पंचायत बटियागढ, 07 अगस्त जनपद पंचायत पटेरा, 08 अगस्त को जनपद पंचायत दमोह में दोपहर 12 बजे से 5वी/ 8वी उत्तीर्ण जिनकी आयु 18 वर्ष से 34 वर्ष के मध्य हो एवं अच्छी पर्सनाल्टी के आवेदकों के लिए सीधी भर्ती केम्प का आयोजन किया जा रहा है इच्छुक आवेदक संबंधित विकास खंड में निर्धारित तिथियों में अपने प्रमाण पत्रों की छाया प्रति आधार कार्ड, पेन कार्ड के साथ उपस्थित होकर लाभ उठा सकते है

## शिव महापुराण कथा से होता है मन शुद्ध : पं. वीरेंद्र शास्त्री

# भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ महा शिवपुराण कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



पवित्र श्रावण मास के अवसर पर उपकाशी नगरी हटा में भगवान भोलेनाथ की कथा महा शिवपुराण का आयोजन देवश्री गौरीशंकर मंदिर में किया जा रहा है जिसका शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण में स्थित प्राचीन बावड़ी से जल भरकर किया गया जो कथा स्थल पर पहुंची जहां कथा यजमान कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी एवं उनकी धर्म पत्नी श्रीमती रंजना हजारी द्वारा विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात कथा का शुभारंभ किया गया। इस शिव कथा में प्रथम दिवस ही सैकड़ो की संख्या में श्रोता पहुंचे। कथावाचक पंडित वीरेंद्र शास्त्री महाराज द्वारा प्रथम दिवस शिव महापुराण की कथा का महत्व समझाया। बताया कि शिव महापुराण की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि व आनंद देने वाली है। क्योंकि भगवान भूतों के अधीश्वर साक्षात परमात्मा हैं। जो समस्त जीवों को आत्म ज्ञान देकर ईश्वर से जुडने की कला सिखाते है। भगवान भोलेनाथ की कथा में गोता लगाने से मानव को प्रभु की प्राप्ति होती है। लेकिन कथा सुनने व उसमें उतरने में अंतर होता है। सुनना तो सहज है लेकिन इसमें उतरने की कला हमें केवल एक संत ही सिखा सकता है। भगवान शिव भी सत्संग का महत्व मां पार्वती को बताते हुए कहते है कि उसकी विद्या, धन, बल, भाग्य सब कुछ निरर्थक है जिसे जीवन में संत की प्राप्ति नहीं हुई। परन्तु वास्तव में सत्संग कहते किसे हैं। सतसंग दो शब्दों के जोड़ से मिलकर बना यह शब्द हमें सत्य यानि परमानंद और संग अर्थात मिलन की ओर इंगित करता है। परमात्मा से मिलन के लिए संत एक मध्यस्थ है। इसलिए हमें जीवन में पूर्ण संत की खोज में अग्रसर होना चाहिए, जो हमारा मिलाप परमात्मा से करवा दे।

## गंगा मैया की आरती में उमड़ी भक्तों की भीड़



**हटा।** सावन मास में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी धर्मपरायण उपकाशी हटा में बिहारी जी सरकार समीति के नेतृत्व में सावन मास के प्रत्येक सोमवार को गौधूली वेला में जीवनदायिनी सरिता सुनार मैया की महाआरती नावघाट पर की जा रही है जहां तीसरे सोमवार को महा आरती में सम्मिलित होने भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। आरती का शुभारंभ गंगा मैया का विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर शंकर झालर की ध्वनि के साथ संगीतमय आरती की गई एवं आरती पश्चात भक्तों द्वारा नदी में दीपदान किया गया जिस दौरान सरिता सुनार मैया अलौकिक सुंदर प्रतीत हो रही थी। कार्यक्रम उपरांत बिहारी जी समिति द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। महा आरती में जिला के जिला प्रचारक माननीय भैयन जी, महेंद्र जी पटेल विश्व हिंदू परिषद जिला संगठन मंत्री द्वारिका जी मिश्रा, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, बृजेंद्र सिंह राजपूत, कमलेश गौतम, पांजी सरपंच दिप्पू राय, रामकुमार राय, जितेंद्र सिंह राजपूत, आयोजन प्रमुख बबलू राय, कमल रैकवार गोलू राय साहित्य सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुषों बच्चों की उपस्थिति रही।

## मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से किया रुद्राभिषेक



**तेन्दूखेड़ा।** सावन माह के तीसरे सोमवार को नगर के पंचवटी सिद्ध धाम में भगवान भोलेनाथ की रुद्री बनाकर भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। इसके अलावा शाम को धूमधाम के साथ रुद्रियों का विसर्जन नगर के गौरैया घाट में किया गया। शाम के समय भगवान भोलेनाथ की महाआरती की गई। महा आरती में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा संगीतमय महा आरती की गई इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया।। सावन माह के तीसरे सोमवार को तेन्दूखेड़ा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में भक्तों की भीड़ सुबह से मंदिरों में देखी गई है भक्तों द्वारा भगवान शिव की आराधना की गई। तेन्दूखेड़ा नगर के पंचवटी मंदिर, थाना परिसर स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर सहित नगर के सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों द्वारा विधि विधान से भगवान शिव की पूजा अर्चना की। साथ ही भगवान भोलेनाथ शिवलिंग पर बेलपत्र अक्षत दूध आदि से भगवान शिव का अभिषेक किया सभी मंदिरों में जय शिव शंकर हर हर महादेव बोल बम के जयकारे से नगर का वातावरण गूंज उठा तीसरे सावन सोमवार को नगर में बड़ी संख्या में सभी जगहों पर शिव श्रद्धालुओं द्वारा अपने घरों में मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बनाकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक किया बेलपत्र धतूरा भांग दूध आदि चढ़ाकर विधि विधान से पूजन अर्चन कर शाम को गाजे बाजे के साथ नगर की गुरैया नदी में विर्सजित किए गए।

## पांच दिवसीय शिवलिंग निर्माण एवं श्री रामकथा का हुआ समापन



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम नोहटा में राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के निवास पर सावन माह के पावन अवसर पर विगत 24 जुलाई 2025 से आयोजित किए जा रहे शिवलिंग निर्माण एवं श्रीराम कथा का सोमवार को विधिवत पूजन और भक्तिभाव के साथ समापन किया गया। आयोजन के अंतिम दिवस कन्या भोजन भंडारे का आयोजन किया। जिसमें आचार्य पंडित उमाशंकर शास्त्री जी वृंदावन धाम जी ने विधि विधान से भक्तजनों को शिवलिंग निर्माण एवं भोलेनाथ जी का अभिषेक कराया। साथ ही श्री श्री 1008 पंचमुखी लोधेश्वर महादेव जयंती समारोह में रामकथा प्रवचन कर्ता मालती देवी चित्रकूट धाम ने श्रद्धालुओं को भगवान श्री राम जी के जीवन चरित्र का व्याख्यान किया। व्यवस्थापक ओमप्रकाश दास जी चित्रकूट धाम, कार्यक्रम के संयोजक भाव सिंह लोधी जिला लोधी क्षत्रिय समाज अध्यक्ष ने सभी संपूर्ण व्यवस्थाएं बनाकर कार्यक्रम को संपन्न कराया। 5 दिन तक निरंतर सहयोग कर रहे मंत्री के अनुज सत्येंद्र सिंह,नीतेन्द सिंह, मंत्री कार्यालय नोहटा से सोनू सेन कंप्यूटर ऑपरेटर ,शिवम सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर, रत्नेश सिंह लोधी मंत्री मीडिया सहायक,शिवम रैकवार,मोहन सिंह, राघवेंद्र लोधी, छप्पन सिंह, जितेंद्र रैकवार सहित श्रद्धालुओं ने सहयोग प्रदान किया।

# नशे से दूर रहकर ही विद्यार्थी अपना भविष्य बेहतर बना सकते- एसडीओपी



**दमोह।** विद्यार्थी नशे से दूर रहकर ही अपना भविष्य बेहतर बना सकते, व्यसन मुक्त रहकर ही अपना कैरियर बनाकर आप आगे बढ़ सकते हैं, क्योंकि जब आप खुद को नशा मुक्त रखेंगे तभी शारीरिक, मानसिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ्य रहते हुए अच्छे से पढ़ाई कर सकेंगे, विद्यार्थी जीवन मे अनुशासन का बड़ा महत्व है आप सभी छात्र-छात्राओं से अपील है शैक्षणिक संस्थाओं के साथ-साथ अपने पूरे जीवन मे अनुशासन रखें, यातायात नियमों का पालन करें और एक बेहतर समाज की परिकल्पना साकार करें यह बात अनुविभागीय अधिकारी हटा प्रशान्त सिंह सुमन ने आज डाइट संस्थान हटा में नशामुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं से की। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी, अभियान के तहत हटा थाना पुलिस ने डाइट संस्थान में छात्र छात्राओं से कई मुद्दों पर संवाद किया और अभियान की जानकारी देकर नशामुक्ति की अपील करते हुए सायबर क्राइम, ऑनलाईन फ्रॉड, बिना पहचान वाले नंबरों से फोन कॉल, वीडियो कॉल आदि से बचने की सलाह दी और अपील की आप सभी भी पुलिस की मदद करे ताकि समाज नशामुक्त, अपराध मुक्त हो। थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया जिला पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया और हटा अनुविभागीय अधिकारी हटा पुलिस प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन में थाना पुलिस लगातार अभियान को गति दे रही है।

## मेडिकल कॉलेज एवं स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण



**बनवार।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) राजेश आठया ने उप स्वास्थ्य केंद्र बनवार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोड़ का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान, सीएमएचओ ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कुछ कमियां पाईं, जिसके बाद उन्होंने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएमएचओ द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में, उप स्वास्थ्य केंद्र बनवार संचालित प्रसव केंद्र में मरीजों से चर्चा की और मरीजों ने व्यवस्थाओं संतोष जनक बताया यहां पर पेयजल इत्यादि की कुछसमस्याएं निरीक्षण के दौरान सामने आई थी जिसके अति से निराकरण की बात कही इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य रोड़ में व्यवस्थाओं का जायजा लिया सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई, और कर्मचारियों की उपस्थिति का निरीक्षण किया। जहां पर स्टाफ की कमी लंबे समय से बनी हुई है जिसको नोट करते हुए शीघ्र स्टॉप की कमी पूर्ति का आश्वासन दिया गया निरीक्षण के दौरान, कुछ कमियां पाई गईं। कार्रवाई के निर्देशःसीएमएचओ ने इन कमियों को दूर करने और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीएचएमओ राजेश आठया ने बताया निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सीमित संसाधनों के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना और मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना था। इस दौरान सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों को सही ढंग से निभाने और मरीजों की देखभाल करने के निर्देश दिए। वहीं दमोह में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया गया निर्माण एजेंसी के द्वारा मार्च 2026 तक मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

## नर्मदा जल लेकर पहुंचे कांवड़िये



**सिंग्रामपुर।** सावन के तीसरे सोमवार पर सिंग्रामपुर में बडा शिव मन्दिर में नर्मदा जल लेकर पहुंचे कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। ग्वारीघाट जबलपुर से नर्मदा जल लेकर सिंग्रामपुर शिव मंदिर पहुंची कावड़ यात्रा का स्थानी लोगों ने भव्यता से स्वागत किया। पंडित धन्निधर महाराज ने बताया कि प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु कावड़ यात्रा लेकर शिव मंदिर से गुजरते हैं। इस वर्ष भगवान शिव की जल अभिषेक के लिए सिंग्रामपुर वासियों ने ग्वारीघाट से नर्मदा जल लेकर कावड़ यात्रा प्रारंभ की, जो दोपहर में शिव मंदिर में पहुंची। मंदिर प्रांगण में भव्यता से अभिषेक, पूजा-पाठ किया गया और ग्राम वासियों की उपस्थिति में भगवान भोलेनाथ की आराधना की गई।

## विद्यालय में साइकिलों का हुआ वितरण



**जबेरा।** विकासखंड जबेरा की शासकीय नोहटा एवं खमरिया मौजीलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज एवं कृष्ण भाव फाउंडेशन के चेयरमैन सतेंद्र सिंह लोधी की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इस दौरान सत्येंद्र सिंह लोधी ने कहा कि सरकार आपको साईकिलें दे रही है जिससे आप समय पर स्कूल पहुंचे और जब आप घर से साईकिल लेकर निकलते हैं तो माता पिता को चिंता रहती है कि बेटा बेटी सुरक्षित घर पहुंचे इसलिए हमें साईकिल के साथ साथ नियमों का पालन भी करना है क्योंकि भारी भरकम वाहन तेज गति से चलते हैं जिन से हमें सुरक्षित रहना है और हमेशा मुड़ते समय सिग्नल देकर ही निकलना है जिससे हम सुरक्षित घर पहुंच सके। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अनेकों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## गांव में बंदरों का आतंक ग्रामवासी हो रहा परेशान

**सिंग्रामपुर।** वन परिक्षेत्र सिंग्रामपुर में बंदरों का आतंक दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है आए दिन बंदरों के आतंक से ग्रामवासी परेशान हो रहे हैं सुबह के समय घर से बाहर निकलने मैं परेशानी आ रही है। सड़क पर राहगीर निकल नहीं पा रहा है। सड़क पर झुंड बनाकर बैठे बंदर काटने के लिए दौड़ते हैं बंदरों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। वन विभाग के आलस रवैया से ग्रामवासी परेशान है ग्राम वासी सत्येंद्र विश्वकर्मा राघवेंद्र आदि ने बताया सुबह सुबह लोग घूमने जाते हैं। सड़कों पर बंदरों का झुंड मिलता है। बंदरों के डर से लोग लोटकर वापिस घर आ जाते है वहीं घर के बाहर छतो पर बंदरों का आतंक कितना है कि वस्तुएं घर के अंदर से ले जाते हैं यह समस्या काफी दिनों से बनी हुई है। लेकिन वन विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्राम वासियों ने बंदरों के काटने की शिकायत भी वन विभाग को दी गई है हितग्राहियों को महज कुछ राशि देकर मामला रुक जाता है यह स्थिति आये दिन बनी हुई है इसका निराकरण अभी तक नहीं हो पाया है। जिससे ग्रामवासियों बंदरों के आंतक डर का बना रहता है कभी कोई बड़ा हादसा घटित ना हो जाए। इस मामले में अधिकारी मोन चुप्पी साथ कर बैठे हुए हैं।

## हज से लौटने पर हुआ इस्तकबाल



**दमोह।** पवित्र हज यात्रा से लौटने के बाद पठानी मोहल्ला निवासी रिटायर्ड पुलिसकर्मी हाजी हमीद खान साहब के निवास पर हज से लौटने के बाद उन्होंने अपने निवास पर शुकराना की फ़ातिहा का आयोजन किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम भाइयों ने हाजी हमीद खान का इस्तकबाल किया और उन्हें मुबारकबाद दी।

### पटेरा में जश्ने वारिश पाक मनाया

**दमोह।** देश के प्रसिद्ध महान सूफी संत हजरत वारिस पाक की नियाज़ और लंगर का आयोजन जिले के पटेरा निवासी जनाब अंसार अली, अंजू अली, भूरे अली, सुस्की अली के घर पर आयोजित हुईं जिसमे पहले दीनी प्रोग्राम हुआ नात ख़्वानी बाद मे फातेहा व आम लंगर का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय मुस्लिम भाइयों की उपस्थिति रही ।

## हरियाली तीज हर्ष उल्लास से मनाई



**दमोह।** 27 जुलाई दिन रविवार को हरियाली तीज (झूला तीज) के शुभ अवसर पर असाटी समाज की महिलाओं ने मिलकर हरियाली तीज बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया, इसमें अनेक प्रकार के गेम रखे गए. प्रश्न उत्तरी, कुर्सी दौड़, रस्सी कूद सोलह श्रृंगार आदि गेम का आयोजन किया गया. सभी बहनों ने गेम का आनंद लिया व सभी महिलाओं ने मिलकर सावन के झूले व सावन गीत गाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई समस्त पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्गदर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज की अधिक संख्या में बहनों की भरपूर उपस्थिति के साथ सभी ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता देकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की. वहीं आयोजक महिला समिति के द्वारा समाज की सभी बहनों को श्रृंगार सामग्री वितरित कर व समाज के सभी बहनों को जलपान कर कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

# गांव गांव बिक रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

एक ओर जहां पुलिस द्वारा नशे के भयंकर दुष्परिणामो के प्रति लोगों को जागरुक कर नशा मुक्त समाज बनाने के लिए, 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान चलाकर जन-जन को नशा मुक्ति का संदेश दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर गैसाबाद ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों गांव में शराब ठेकेदार द्वारा अपने एजेंटो के माध्यम से गांव गांव गली गली में अवैध शराब पहुंचाने का कार्य प्रगति पर चल रहा है, ग्रामीण अंचल के गांव गांव में अवैध शराब दुकान संचालित होने से क्या? नशे से दूरी का नारा सफल हो पाएगा? यह एक विचारणीय पहलू है , प्राप्त जानकारी अनुसार हटा ब्लॉक के ग्राम गैसाबाद एवं हिनौता कला में शासन की लाइसेंसी दुकान हैं और यह दोनों दुकानों का ठेका छतरपुर की गिरराज इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी ने लिया है ,ठेकेदार की लाइसेंसी शराब दुकाने तो दो हैं, लेकिन ठेकेदार द्वारा इन्हीं दुकानों की आड़ में क्षेत्र के खमरगौर, मोहरई, कचनारी, सराफ चोपरा, देवरा,भैंसा गरैह, तेवरैया, जैसे अनेक गांव में अपने एजेंट बिठाकर अवैध शराब की बिक्री की जा रही है, इतना ही नहीं अब तो ग्राम में लोगों को फोन करने पर भी शराब उपलब्ध होने लगी है सुरा प्रेमियों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को बताया कि अब हमें शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है। हम लोग जहां पर बैठे होते हैं वहीं से फोन लगा देते हैं तो अवैध शराब बेचने वाले वहीं शराब लेकर पहुंच जाते हैं। अवैध शराब बिक्री की कई बार मीडिया पर खबर प्रकाशित होने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से शराब माफियाओं के हौसला बुलंदी पर हैं। देखा गया है कि शराब दुकानों से क्यूआर कोड और रेट सूची भी गायब है, कभी-कभी तो निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेची जाने की शिकायते भी आती रहती हैं, जबकि अवैध शराब की तस्करी करने वाले कुछ लोगों द्वारा कम दामों पर सस्ते रेट पर ब्लैक में शराब बेचे जाने की जन चर्चा जोरों पर है। इस पूरे मामले पर जब आबकारी विभाग से चर्चा की गई तो हमेशा की तरह आज भी उनका वही जवाब देखता हूं कि मामला क्या है, वहीं पुलिस का कहना होता है कि हम समय-समय पर अवैध शराब बिक्री पर छापा मार कार्रवाई करके अवैध शराब जप्त कर कार्रवाई करते हैं।

### श्रावण मासः भगवान शिव की कृपा का महीना

**बनवार।** ग्राम में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है और भगवान शिव की भक्ति में श्रद्धालु लीन है । एक दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण रुद्रामहाभिषेक का दिव्य और भव्य आयोजन संपन्न हुआ शास्त्रों में मान्यता है इस महीने में शिव की पूजा-अर्चना करने से महादेव की कृपा बरसती है। पंडित ऋषि कांत गार्गी जी महाराज ने बताया कि सावन में भगवान शिव पृथ्वी पर आकर भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। इस समय सृष्टि का संचालन स्वयं महादेव करते हैं। भगवान शिव कल्याणकारी हैं और जगत का कल्याण करते हैं। इस महीने में पूजा-पाठ, दान-दक्षिणा करने से विशेष फल प्राप्त होता है। भक्तों को शिव की भक्ति में लीन होने, उनके नाम का जाप करने, और शिव की पूजा, भजन-कीर्तन करने की सलाह दी गई है। सावन में सकारात्मक सोच और व्यवहार रखना चाहिए, और क्रोध, ईर्ष्या जैसी नकारात्मक भावनाओं से दूर रहना चाहिए।

# महिलाओं को वितरित किए गए बीज रोपित पैकेट



**हिंडोरिया।** ग्राम पंचायत मुहली में आज मध्यप्रदेश शासन एवं जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था के श्रीकांत नेहरू युवा मंडल द्वारा नवांकुर सखी के तहत हरियाली यात्रा एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं नशा मुक्ति जैसे विषयों पर ग्रामीण समुदाय को जागरूक किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम समन्वयक ने बताया कि यह गतिविधि “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत महिलाओं को पौधारोपण हेतु बीजों से रोपित पॉलीथीन पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। हरियाली यात्रा में महिलाओं ने “हर घर पौधा – घर घर पौधा”, “हमने यह ठाना है – पेड़ पौधे बचाना है” जैसे नारों के साथ पूरे ग्राम में जागरूकता रैली निकाली। महिलाएं नवांकुर सखी कलश लेकर चल रही थीं एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े पोस्टरों का प्रदर्शन कर रहीं थीं। यात्रा का समापन शासकीय माध्यमिक विद्यालय, मुहली में हुआ। इसके पश्चात नवांकुर सखी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं को आँवला, पारिजात, अमरूद, बांस एवं काला शीशम आदि बीजों से भरे पॉलीथीन पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में “एक पेड़ मां के नाम” अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया।शासकीय माध्यमिक विद्यालय मुहली के शिक्षक दिनेश सोनी ने इस अवसर पर कहा, “नवांकुर सखी एवं हरियाली यात्रा कार्यक्रम पर्यावरण को संरक्षित करने का एक सराहनीय नवाचार है, जिसमें महिलाओं की भूमिका अत्यंत प्रेरणादायक है।”कार्यक्रम में शिक्षक दिनेश सोनी, मानसिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रानू यादव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मुहली के नरेंद्र यादव,मिशन जन जागृति युवा मंडल समिति से धर्मेंद्र के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 46 निराश्रित गौ वंशों को रेडियम बेल्ट पहनाए गए

**दमोह।** उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ संजय पांडे ने बताया वैष्णवी निस्वार्थ गोसेवा समिति द्वारा पशुपालन विभाग के सहयोग से शिवाजी स्कूल, विशाल मेगा मार्ट, कीर्ति स्तंभ व जबलपुर नाके पर 46 निराश्रित गौ वंशों को रेडियम बेल्ट पहनाए गए। उन्होंने बताया सड़क दुर्घटनाओं से गौवंशों की सुरक्षा अभियान अंतर्गत गौवंश को रेडियम बेल्ट पहनाने का कार्य किया जा रहा हैं।

### चोपरा में की गई छापा मार कार्यवाही

**दमोह।** कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन पर राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल जिसमें नायब तहसीलदार दमोह अटल बिहारी वर्मा, सहायक संचालक कृषि एस. एल.कुर्मी, सहायक संचालक कृषि जे.एल.प्रजापति एवं प्र.वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा विकासखंड जबेरा में स्थित कीटनाशक दुकानों का औचक निरीक्षण कर छापामार कार्यवाही की गई। ग्राम चौपरा विकास खंड जबेरा में गोलू किराना एवं जनरल स्टोर पर बिना लाइसेंस के विक्रय किया जा रहा था एनपीके, सूक्ष्म पोषक तत्व एवं कीटनाशी जब्ती की की गई कार्यवाही। उप संचालक कृषि जी.एल.अहिरवार द्वारा बताया गया कि अग्रिम कार्यवाही नियम के प्रावधानों के तहत की जाएगी।

## नागपंचमी आज, नागबाबा पहुंचेंगे हजारों श्रद्धालु

**तेंदूखेड़ा।** हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है नाग पंचमी. इस दिन नाग देवता की विशेष पूजा की जाती है और भक्त अपनी मनोकामनाएं नाग देवता से कहते हैं। नगर से लगभग 7 किलोमीटर दूर क्षलौन सागर मार्ग पर स्थित है। नागबाबा इस स्थान का नगर एवं आसपास के क्षेत्र में बहुत बड़ा महत्व है इस दिन लोग यहां पर पूजन अर्जन करने तो पहुंचते ही हैं साथ ही यहां गक्कड़ भरता का आनंद उठाते हैं। बीच जंगल में मुख मार्ग पर बने इस स्थान से होकर गुजरने वाले वाहन हॉर्न बजाना कभी नहीं भूलते यह क्षेत्र का सिद्ध स्थान बन चुका है नाग पंचमी के संबंध में पंडित गोपाल शास्त्री बताते हैं कि इस दिन को भाई पचंमी के नाम से भी जाना जाता है। पंचांग के अनुसार, हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन नाग पंचमी मनाई जाती है और यह तिथि इस साल 29 जुलाई के दिन पड़ रही है। ऐसे में मंगलवार के दिन ही नाग देवता को दूध चढ़ाकर नाग पंचमी की पूजा संपन्न की जाएगी. नाग पंचमी से यूं तो कई तरह की मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। और एक मान्यता यह है कि इस दिन घर में तवा नहीं चढ़ता ना ही चांवल बनते है इसलिए खीर पूरी गक्कड़ भरता का ही भोजन लोग करते है।

## आक्रोशित किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़कर घुसने का किया प्रयास

# यूरिया के लिए तरसते किसानों का सब्र का बांध टूटा, धक्का मुक्की के हालात बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा





जिले में हो रही अच्छी बारिश के दौर के बीच सभी इस वर्ष अच्छी फसलों की उम्मीद लगा रहे हैं।लेकिन खेतों में मेहनत कर रहे किसान बाजारों में खाद की कमी के चलते परेशान नजर आ रहे हैं और हालात यह है की घंटों लाइन में लगे रहने के बाद भी किसानों को खाद नसीब नहीं हो रहा है जिससे अब उनके सब्र का बांध टूटने लगा है। ऐसे ही हालत सोमवार को तेंदूखेड़ा के डबल लॉक गोदाम में देखने को मिले जहां एक सप्ताह से यूरिया खाद का इंतजार कर रहे किसानों को जब खाद नसीब नहीं हुई तो वह आक्रोशित हो गए और उनके द्वारा बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया गया जिसके चलते वहां मौजूद पुलिस और प्रशासन के साथ धक्का मुक्की के हालात बन गए। हालांकि कुछ देर में हालातो पर काबू पा लिया गया लेकिन आक्रोशित किसानों का कहना था कि वरिष्ठ अधिकारियों की मनमर्जी के चलते हालात ऐसे बने हैं की कई किसानों को दो-दो बोरी यूरिया मिल गया है और बाकी के साथ सुबह से लाइन में खड़े होने के बाद भी यूरिया नहीं पा सके है।

प्राप्त जानकारी अनुसार तेंदूखेड़ा क्षेत्र में लगभग एक सप्ताह से यूरिया उपलब्ध नहीं थी और रविवार को वितरण हेतु 5 ट्रक यूरिया आया था। उक्त यूरिया के वितरण के लिए सोमवार सुबह से डबल लॉक गोदाम में तीन काउंटर बनाए गए थे। खाद वितरण होने की जानकारी मिलने पर मौके पर किस पहुंचने लगे और सैकड़ो की संख्या में किसान आकर लाइन में लग गए। इस दौरान सर्वर डाउन होने और पीओएस मशीन से वितरण में हो रही देरी के भीड़ बढ़ने लगी और किसान धक्का मुक्की भी करने लगे। वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस की उपस्थिति में यूरिया का वितरण चल ही रहा था कि इसी दौरान वहां पहुंचे एसडीएम सौरव गंधर्व ने हालातों को देखकर व्यवस्थाओं में बदलाव किया और किसानों को टोकन देते हुए बनाए गए काउंटर के स्थान पर सीधे गोदाम से खाद्य वितरण किए जाने के निर्देश दे दिए। आदेश के परिपालन में जैसे ही गोदाम के अंदर से खाद का वितरण शुरू हुआ किसान अंदर जाने का प्रयास करने लगे और उन्होंने काउंटर की बेरिकेटिंग और लाइन को तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास करना शुरू कर दिया। स्थितियों के चलते वहां पर अफरा तफरी के माहौल बना और जैसे तैसे धक्का मुक्की के बीच पुलिस और मौजूद अधिकारियों ने किसानों को शांत कराया और उनसे शांति और व्यवस्थाएं बनाए रखने की अपील की।

### किसानों ने लगाए आरोप

मामले को लेकर मौजूद किसानों ने आरोप लगाए हैं कि व्यवस्थाओं का हवाला देकर जो बदलाव किए गए हैं उसके चलते उन्हें यूरिया नहीं मिल सकी है। किसानों का कहना है कि बस सुबह से लाइन में लगे रहकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे लेकिन इसी दौरान गोदाम से खाद का वितरण शुरू कर दिया गया जिसके चलते कई किसानों ने इनसे अधिक बार यूरिया ले लिया और वह सारे दिन लाइन में लगे रहने के बाद भी यूरिया नहीं पा सके। दूसरी और उनका कहना यह भी है कि किसानों को उनकी जमीन और जरूरत के हिसाब से यूरिया भी नहीं दी जा रही है। किसानों की भीड़ को देखकर सुबह से एसडीएम सौरभ गंधर्व द्वारा पुलिस बल और राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को डबल लॉक गोदाम में खाद वितरण के लिए तैनात किया गया था। इस दौरान एसडीएम सौरभ एसडीओपी डीएस ठाकुर तहसीलदार विवेक व्यास दमोह डीएमओ इंद्रपाल सिंह राजपूत नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी आरआई करन सिंह ठाकुर सहित पुलिस स्टाफ व राजस्व विभाग का स्टाफ मौजूद था।

डबल लॉक प्रभारी टीएस पटेल ने बताया कि रविवार को यूरिया की 3430 बोरी 150 टन पहुंचा है एक किसान को दो-दो बोरी यूरिया दिया जा रहा है शुरू में व्यवस्था बिगड़ी थी लेकिन बाद में एसडीएम, तहसीलदार ,डीएमओ दमोह, पुलिस, राजस्व कर्मचारी पहुंचे जिन्होंने व्यवस्थित व्यवस्था बनवाई है पर्याप्त पर्याप्त मात्रा में यूरिया आ गया है।
**टीएस पटेल, डबल लॉक प्रभारी तेन्दूखेड़ा**

### खाद की कोई कमी नही हैं-कलेक्टर श्री कोचर

दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि जिले में कहीं भी खाद की कोई कमी नहीं है तेंदूखेड़ा में कुछ देर के लिए पोर्टल स्लो होने के कारण प्रक्रिया धीमी हुई थी जिससे किसानों को दिक्कत हुई थी जिसे बाद में सुधार कर लिया गया
**सुधीर कुमार कोचर, कलेक्टर**

इसी मामले में एसडीएम सौरभ गंधर्व का कहना है कि उन्होंने व्यवस्थाओं को और बेहतर करने का प्रयास किया था और अपने सामने ही उन्होंने सभी किसानों को यूरिया खाद वितरण कराई है। उन्होंने बताया कि आंकलन की गई हुई जरूरत से थोड़ी अधिक यूरिया ही मंगाई गई थी और उसे सभी को वितरित किया गया है। चूंकि किसान काफी अधिक थे और पुलिस प्रशासन का अमला कम था जिसके चलते किसानों को परेशानी के हालात थे। उन्हीं परेशानियों को दूर करने नई व्यवस्था बनाई गई थी। किसानों के लिए आज भी खाद का वितरण किया जाएगा।
**सौरभ गंधर्व, एसडीएम तेन्दूखेड़ा**

## श्री बांके बिहारी झूलनोत्सव का शुभारंभ



**दमोह।** हरियाली तीज के पावन अवसर पर श्री शिव साई मंदिर बेलाताल टापू पर झूला महोत्सव का शुभारंभ किया गया, जिसमें भगवान बांकेबिहारी लाल जी झूला में विराजमान हुए, तदुपरांत भगवान के झूला में दर्शन, आरती सहित सुमधुर भजन संध्या का आयोजन किया गया। पं. कमलेश्वरानंद महाराज ने बताया कि श्रावण मास में झूला झुलाने की परंपरा त्रेता काल से ही चली आ रही है। वैसे भी सनातन धर्म में झूलनोत्सव का विशेष महत्व है। इस अवसर पर हर कोई भगवान को झूला झुलाने का लालायित रहते है। इस अवसर आलोक गोस्वामी, पंडित कपिल दुबे, राजू नामदेव, अमित राय, संदीप नामदेव, भूपेंद्र शर्मा, अखिलेश सिंह घोषी, अभिषेक साहू, प्रयास सेन, दीपक चौरसिया, गुड्डा पटेल, आशीष तंतुवाय, वीरेंद्र पाटकर, भोले चौरसिया, डालचंद असाटी, दीपक मिश्रा, राहुल सोनी, शिवम सोनी, केशव नामदेव, सुरेश रामकुमार सोनी, मनीष आहूजा, सौरभ नेमा, रतन यादव, अमित खरे सहित श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## तीसरे सावन सोमवार को जागेश्वरनाथ धाम में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब



**बनवार।** दमोह।हर हर महादेव की गूंज के साथ सावन के तीसरे सोमवार को जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शनों को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को देव श्री जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शन एवं पूजा करने के लिए भोर से मंदिर परिसर के अंदर बाहर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी सुबह 3:00 बजे के करीब मंदिर का पट खुलते ही जय शिव शंकर व बम बम भोले नाथ के जयकारे के साथ हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने वैकल्पिक जलपात्र व्यवस्था के माध्यम से जलाभिषेक किया। यह क्रम प्रभात से लेकर देर शाम तक एक सा चलता रहा। भक्तों के लिए मंगला आरती के पट खुलने के बाद से भक्त पूजा अर्चना की और सुख एवं समृद्धि के लिए बाबा का आशीर्वाद मांगा भक्तों एवं मंदिरों की सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पूरे दिन मंदिर खुला रहा सिर्फ भोग के लिए भगवान के कपाट बंद किए गए बुंदेलखंड का प्रमुख आस्था का केंद्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में दिव्य स्वयंभू शिवलिंग विराजमान है जिनकी ख्याति संपूर्ण भारत में फैली हुई है। शिव भक्ति के लिए महत्वकारी सावन माह में पूरे बुंदेलखंड से भगवान के दर्शनों को दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही भक्तों को भगवान के दर्शनों में कोई परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर कमेटी और प्रशासन सुबह से ही व्यवस्थाओं में लगा रहा नर्मदा अंचल तिलवारा घाट से आए हजारों कावड़ियों ने किया जलाभिषेक मां नर्मदा तट से कावड़ उठाकर कांवड़ यात्रा लेकर आए हजारों कांवरियों ने देव श्री जागेश्वर नाथ महादेव को जल अर्पित किया आज जैसे ही सुबह भगवान भोलेनाथ के पट खुले तो हजारों की संख्या में कांवड़ियों ने मां नर्मदा के जल से अभिषेक किया मंदिर प्रबंधक श्री राम कृपाल पाठक ने बताया सावन माह के तीसरे सोमवार को प्रातः कालीन आरती के बाद सबसे पहले नर्मदांचल से आए हजारों की संख्या में कावड़ियों के लिए अलग से भगवान जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शन जलाभिषेक के लिए व्यवस्था की गई थी ।सबसे पहले कावड़ियों के द्वारा भगवान का नर्मदा जल से अभिषेक किया गया। उसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भगवान जागेश्वर नाथ के दर्शन जल अर्पण करने के लिए व्यवस्था की गई थी सुबह से देर शाम तक दर्शनार्थियों की भीड़ एक बराबर कतारों में चलती रही । सावन के तीसरे सोमवार को भोर से लेकर संध्याकालीन आरती दर्शन तक लाखों से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए।

## चैक बाउंस के मामले में आरोपी को तीन माह का कारावास

**दमोह।** न्यायालय रिया सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दमोह द्वारा चैक बाउंस के मामले में आरोपी को दोषी मानते हुये 3 माह का कारावास एवं क्षतिपूर्ति राशि दिये जाने दण्डावेश पारित किया गया है। अधिवक्ता मनीष चौबे ने बताया कि मामला परिवादी शांतनु सोनी उम्र 37 वर्ष पिता मदन सोनी निवासी पलंदी चौराहा ठेकेदार था उसके आरापो विनोद कुर्मी उम्र 34 वर्ष पिता रामप्रसाद कुमी साकिन इमलाई थाना दमोह देहात जिला दमोह आरोपी ने माह दिनांक 12.5.2021 को 1,95,000 रूपये अंकन एक लाख पंचानवे हजार रूपये की राशि बतौर उधार मांगी परिवादी ने आपसी संबंधों के कारण आरोपी की आवश्यकता को देखते हुये रूपये उधार दिये। कुछ दिन बाद माह अक्टूबर 2021 में परिवादी ने रूपये मांगे तो आरोपी ने 1,95,000 रूपये अंकन एक लाख पंचानवे हजार रूपये का एक बैंक कार्पोरेशन बैंक शाखा दमोह का परिवादी को प्रदान कर दिया, जब परिवादी ने चैंक बैंक लगाया तो बैंक में राशि नहीं होने से परिवादी को रूपये नहीं मिले और चैक बाउंस हो गया, परिवादी ने इसकी सूचना आरोपी को दी परंतु सूचना के बाद भी आरोपी ने रूपये नहीं दिए तो परिवादी ने आरोपी विनोद कुमी के विरुद्ध न्यायालय में केस लगा लिया। न्यायालय में दोनों पक्षों की साक्ष्य होने के बाद तर्क सुनकर आरोपी को परिवादी शांतनु सोनी को उधार रूपये नहीं देने और खाता में पैसा नहीं होने के बाद भी चैक जारी करने का दोषी मानते हुये 3 माह का कारावास 9 प्रतिशत ब्याज की दर से क्षतिपूर्ति दिये जाने का आदेश पारित किया। केस की पैरवी मनीष चौबे एडवोकेट द्वारा की गई।

## विरागोदय तीर्थ में चातुर्मास के दौरान धर्म सभा का प्रतिदिन हो रहा आयोजन

# तत्वज्ञान के बिना मनुष्य जीवन व्यर्थ है- आचार्य विशुद्ध सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



दिगम्बर जैनाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी गुरु देव अपने चातुर्मास के दौरान विरागोदय तीर्थ पथरिया में प्रतिदिन धर्मसभा को संबोधित कर श्रद्धालुओं को अपने आशीष वचनों से धर्म पर चलने की राह बता रहे हैं। धर्म सभा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहती है। दिगम्बर जैनाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी गुरु देव ने विरागोदय तीर्थ पथरिया में धर्म-सभा की सम्बोधन करते हुए कहा कि तत्वज्ञान के बिना मनुष्य जीवन व्यर्थ है। ज्ञान के साथ श्रद्धा भी नही है, तो फिर भव व्यर्थ हैं। असंयम का सेवन किया तो इह भव - पर भव दोनो ही कष्टमय है, दुःखमय है। अनर्थ अर्थ को प्राप्त नहीं करने देता। ज्ञान सम्मानीय होता है, चारित्र पूज्य होता है। आकांक्षीय अनर्थ की जड़ हैं। एक आकांक्षा, एक चाह आह निकाल देती है। आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए मनुष्य अनर्थ, अन्याय, अत्याचार अनाचार जैसे कुकर्म भी करने लगता है। जितनी जितनी अधिक आकांक्षायें होंगी उतना - उतना मनुष्य अस्थिर, चंचली होगा। आंतरिक अस्थिरता बाढ्य में झलकती है। बाह के प्रपंच ही आंतरिक हलचल के घोतक है। जैसे शूल कष्ट प्रद होता है, वैसे ही शल्य वेदना देती है।

### सर्व श्रेष्ठ नर तन पाना

हे मित्र मनुष्य पर्याय दुर्लभ है, फिर धर्म श्रवण, संयम - आचरण उत्तरोत्तर दुर्लभ है। संयम मार्ग ही श्रेष्ठ है। भावना योग को धारण करो। जैसे पानी से नौका पार हो जाती है, वैसे ही आत्मा ध्यान से संसार सागर से पार हो जाती है। संसार दुःखमय है। माँ की गोद मे भी पुत्र की मृत्यु हो जाती है, गुरु की गोद में भी शिष्य मरण को प्राप्त होता है। धर्म ही शरण है। जैसे भूखे प्यासे बेटे को माँ जननी दिख जाये तो संतान को सुकून मिलता है वैसे सांसारिक दुखो से संतप्त प्राणी गुरु बचन सुनकर आनन्द को प्राप्त होता है। गुरुवचन आनन्दकारी होते हैं। जैसे सूखी नदी में नाव नहीं तैरती बैसे ही वैराग्य, करुणा के बिना भव्यात्मा भव से पार नहीं होता है। चारित्र की फसल चाहिए तो वैराग्य का पानी चाहिए।

## कौरता: सड़क और पुल के अभाव में मजदूर-किसानों की जद्दोजहद



**बनवार।** जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत कौरता में हजारों मजदूर और किसानों को रोजाना आवागमन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि कौरता से महगुवा तक 2 किलोमीटर के रास्ते में कीचड़ जमा रहता है और रास्ते में एक नदी पड़ती है जिसमें 12 महीना 4 फीट पानी भरा रहता है। इस क्षेत्र में खैरी पंचायत और करनपुरा पंचायत भी शामिल हैं। यहां से हर साल लगभग 10 से 50 करोड़ रुपये की फसल होती है। सड़क न होने से किसानों को भारी परेशानी हो रही है। किसानों ने इस रास्ते पर मुरम डलवाने की मांग की है ताकि वे आसानी से अपने खेतों तक पहुंच सकें। बारिश के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। आम आदमी पार्टी के मजदूर यूनियन प्रदेश अध्यक्ष बसंत राय ने बताया कि यहां ट्रैक्टर ले जाना पड़ता है। इस रास्ते पर एक नदी भी है जहां पुलिया निर्माण की मांग की जा रही है। किसानों ने जबेरा जनपद सीईओ और दमोह कलेक्टर तक अपनी मांग उठाई है। सर्वे भी हुआ और 24 लाख 90 हजार रुपये की मंजूरी मिली लेकिन समस्या अभी तक हल नहीं हुई है। किसानों की मांग है कि नदी पर एक छोटा सा पुल और रास्ते पर मुरम हो जाए ताकि वे आसानी से अपने खेतों तक पहुंच सकें।

## श्री जागेश्वर धाम में महारुद्राभिषेक अनुष्ठान का चतुर्थ दिवस संपन्न

**दमोह।** श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर में श्रावण मास में चल रहे 11 दिवसीय विश्वकल्याणार्थ महारुद्राभिषेक अनुष्ठान का चतुर्थ दिवस श्रद्धा शास्त्र और सेवा के समर्पण भाव के साथ संपन्न हुआ। आज के मुख्य यजमान के रूप में मंदिर ट्रस्ट की उपाध्यक्ष राजकुमारी सिंह राजन असाटी एवं ज्ञानचंद्र यादव ने वेद मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री जागेश्वरनाथ जी का विधिवत रुद्राभिषेक कर विश्व शांति और प्रकृति संतुलन हेतु सामूहिक प्रार्थना अर्पित की। आयोजन स्थल पर वैदिक ऊर्जा भक्तों की आस्था और शांति की अनुभूति स्पष्ट रूप से देखी गई। अभिषेक के उपरांत सभी यजमान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मंदिर द्वारा संरक्षित धेनुवन पहुँचे जहाँ उन्होंने पारस पीपल का सामूहिक वृक्षारोपण किया। यह वृक्ष धार्मिक दृष्टि से ही नहीं पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत शुभ माना जाता है जो वायु शुद्धि दीर्घायु और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है।

# अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

### दमोह मार्ग पर स्थित गुरैया पुल के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



सागर दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं आए दिन इस मार्ग पर हादसे घटित हो रहे हैं और प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है सोमवार की रात 8 बजे दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर स्थित लकी होटल के सामने एक बाइक सवार युवक को अज्ञात ट्रैक्टर चालक टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला है और हादसे में बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की शिनाख्त शुरू की गई जहां युवक की पहचान जबलपुर निवासी के रूप में की गई है घटना के संबंध में मिली जानारी आशीष पिता सीताराम केवट उम्र 35 वर्ष निवासी ओरिया थाना माढ़ोताल जबलपुर है जो अपने रिश्तेदारी में तेन्दूखेड़ा आया था जहां दमोह मार्ग पर स्थित लकी होटल के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर चालक टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला है हादसे में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई थी पुलिस द्वारा घटना की सूचना मृतक के परिजनो को दी गई है जहां मंगलवार की सुबह मृतक युवक का पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के संबंध में सहायक उपनिरीक्षक गजराज सिंह ठाकुर ने बताया गया घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थे युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी सूचना परिजनों को दे दी गई है अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

## हिंडोरिया तथा गुबारा क्षेत्रों का किया दौरा



**दमोह।** मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग भोपाल के सदस्य द्वय ओमकार सिंह एवं निवेदिता शर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पूर्व के दमोह जिले से संबंधित 38 प्रकरणों पर विभिन्न सम्बंधित विभागों से एक्शन टेकन रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष दीपक तिवारी विशेष रूप से मौजूद रहे। आयोग सदस्यों ने हिंडोरिया एवं गुबरा का दौरा भी किया।

## वाहन की बीमा कंपनी को वाहन सुधार राशि देने का आदेश

**दमोह।** न्यायालय श्रीमान जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग दमोह अध्यक्ष ऋषव कुमार सिंघई द्वारा चोलामंडलम जनरल इंश्योरेंस कंपनी को वाहन के सुधार में खर्च हुई राशि को देने का आदेश पारित किया है परिवादी के अधिवक्ता अजय कुमार बाजपेई ने बताया कि नन्हेंलाल सेन सुभाष कॉलोनी निवासी ने किया क्रेंस खटवानी सेल से क्रय की थी एवं दिनांक 23.7.2024 को दमोह में हुई अतिवृष्टि के कारण वाहन पानी में डूब गया था जब परिवादी ने खटवानी सेल जबलपुर में गाड़ी सुधार करने के लिए संपर्क किया तो बीमा कंपनी ने वाहन की आईडीवी वैल्यू 9,50,000 लेख की एवं वाहन के सुधार हेतु एस्टीमेट 8,45,151 बनाया तथा परिवादी को गाड़ी सरेंडर करने के लिए कहा इसके पश्चात परिवादी ने कंपनी से अलग से एस्टीमेट बनवाया तो कंपनी ने 537468 रुपए का एस्टीमेट और लेबर चार्ज 24148.70 कल 5,61,616 रुपए का स्टीमेट प्रेषित किया। इसके बाद परिवादी ने अपने व्यापार खटवानी मोटर्स जबलपुर से वहां का सुधार कार्य करवाया और वहां को सुधारने में खर्चा 98 839 का खर्चा आया इस प्रकार से माननीय आयोग ने बीमा कंपनी की तरफ से सेवा की कमी माना और अनावेदकगण को 109000 की राशि का भुगतान एवं परिवाद प्रस्तुत करने की दिनांक 8.10.2024 से 8 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज अदा करने एवं सेवा की कमी के लिए में 10000 तथा वाद व्यय 3000 देने का आदेश पारित किया।